तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025



13 कलेक्टर मिश्रा का सख्त निर्देश: 10 बजे बायोमेट्रिक उपस्थिति ...



14 मानव जीवन का उद्देश्य परम आनंद की प्राप्ति...






## खबर संक्षेप

### हेमंत को योग विज्ञान पर मिली शोध उपाधि



**बालोद**। ग्राम चिरईगोड़ी निवासी हेमंत कुमार साहू ने श्री रावतपुरा विश्वविद्यालय रायपुर से प्रो. कप्तान सिंह के मार्गदर्शन में योग विज्ञान में पीएचडी की उपाधी प्राप्त किया। उनका विशय किशोरो की सृजनात्मकता तथा समस्या समाधान की क्षमता पर योगिक अभ्यासो का प्रभाव था। हेमंत कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा की पढ़ाई ग्राम चिरईगोड़ी, माध्यमिक शिक्षा बी जामगांव व हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्नेवाड़ा से किया। उच्च शिक्षा देव संस्कृति विश्वविद्यालय गायत्री कुंज शांतिकुंज हरिद्वार से योग विज्ञान के साथ बी.एस.सी एवं एमएससी की पढ़ाई पूर्ण की। पीएचडी की उपाधी प्राप्त करने पर हेमंत कुमार साहू को ग्राम सरपंच फेकिन हर्शन साहू, उपसरपंच, पंच व ग्रामीणो ने हर्श व्यक्ति किया।

### दियाबाती नयापारा में 22 से श्रीमद् भागवत कथा

**गुरूर**। ग्राम दियाबाती नयापारा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक किया गया है। भागवत कथा का आयोजन मां अन्नपूर्णा महिला समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसके कथा वाचक पंडित सौरभ शर्मा बाबू महाराज होंगे।

### ग्राम कुलिया में क्रिकेट प्रतियोगिता 12 दिसंबर से

**गुरूर**। ग्राम कुलिया में चार दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक न्यु एवरग्रीन स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से रखा गया है। समिति के सदस्य दिनेश हिरवानी, विकास हिरवानी, चेतन पटेल एवं डिकेंद्र साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 5001 रखा गया है।

### ग्राम पसौद में 4 जनवरी को मड़ई का आयोजन होगा

**लाटाबोड़**। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद मे 4 जनवरी रविवार को मेला मड़ाई का आयोजन रखा गया है उपसरपंच जागृत साहू ने बताया ग्राम मे यह मड़ाई मेला के आयोजन का 28 वां वर्ष है। वही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढी नाचा गम्मत पार्टी चाचा भतीजा ग्राम-भोथीडीह पाहंदा (चम्पारण) वाले अपनी प्रस्तुति देंग।

### ऑनलाइन सट्टे का फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई**। ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी शंकर नगर दुर्ग निवासी पवन तम्बूले को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इसके पूर्व इसके साथी टीकम बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। टीकम का मोबाइल चेक करने पर ही पवन के बारे में पुलिस को सुराग मिला था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था। टीकम व पवन दोनों मिलकर क्रिकेट सट्टे का काम करते थे। पवन ने ही आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाने की जानकारी टिकम को दी थी। टीकम को इंडिया वर्सेस साउथ अफ्रीका के मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसे का दांव लगाते समय पुलिस ने पकड़ा था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था।

# जिले को बड़ी सौगात: 6 सड़कों के निर्माण-उन्नयन के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के सार्थक एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप बालोद जिले की 06 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने लंबे समय से लंबित इन सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने विभिन्न अवसरों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को अवगत कराया था। इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को नई सुविधाएं मिलेगी साथ ही रोजगार के अवसर खुलेंगे।। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह स्वीकृति जिले की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। खराब सड़कों के कारण लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए इन परियोजनाओं को प्राथमिकता से लिया गया था। मैं शासन का आभार व्यक्त करती हुं। और आशा करती हुं कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा किया जाएगा। इससे कनेक्टिविटी और विकास को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा। उन्होने बताया कि स्वीकृत सड़कें वे हैं जो कई प्रमुख गांवों और बस्तियों को मुख्य मार्गों से जोड़ती हैं। इन सड़कों के बनने से किसानों, छात्रों, और रोजाना काम पर जाने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## ग्रामीणों, छात्रों और किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

- जिपं अध्यक्ष चंद्राकर ने जताया शासन का आभार
- जिपं अध्यक्ष तारणी के प्रयासों से 6 सड़कों का निर्माण मंजूर हुए



### इन सड़कों की मिली स्वीकृति

स्वीकृत सड़कों में मुख्य रूप से सुंदरा से खर्तुली के लिए 108.05 लाख रुपए, करियाटोला से शिकारीटोला 109.32 लाख रुपए, पिच्छेटोला जबरकसा से पेटेचुवा तक 159.66 लाख रुपए, सीगहोला से सिगड़ीगुड़ान तक के लिए 122.31 लाख रुपए, मुख्य मार्ग से नांगुटोला 72.31 लाख रुपए, मोंगरी से भाटापारा 123.97 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। इस प्रकार कुल छह सड़कों के लिए लगभग 07 करोड़ रुपए की स्वीकृति बालोद जिले के लिए प्राप्त हुई है।

## गायत्री महायज्ञ में दीपयज्ञ और विश्वकल्याण हेतु आहुति, आदर्श विवाह से बढ़ा उत्साह

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में छह हजार लोगों ने दी आहुतियां व 5 आदर्श विवाह भी हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

5 आदर्श विवाह सहित 6000 लोगों ने गायत्री यज्ञ में आहुति दी। बालोद में चल से 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ गजानंद पोहा मिल में तीसरे दिन 6 पाली में हुई जिसमें 6000 लोगों ने यज्ञ आहुति विश्व कल्याण के लिए वेदमंत्रें की आहुति दी गई। तृतीय दिवस देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से डा. चिन्मय पंड्या का आगमन हुआ।

तृतीय दिवस प्रातः ध्यान साधना के बाद 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुभारंभ हुआ। आदर्श विवाह संस्कार के रूप में 5 जोड़ा का विवाह यज्ञीय वातावरण में विधि विधान के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य द्वारा संपन्न किया। आचार्य ने कहा कि खचऍली शादी हमें दरिद्र एवं बेईमान बना देती है, इसलिए वर्तमान समय में आदर्श विवाह को अपनाने की महती आवश्यकता है, गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष हजारों आदर्श विवाह ऐसे ही यज्ञ आयोजन में कराते आ रहे हैं।





डा. चिन्मय पंड्या ने कहा कि यह समय युग परिवर्तन का है, ऐसा समय हजारों वर्ष के बाद ही आता है, ऐसे ही समय में भगवान का अवतार होता है, हम बड़े ही सौभाग्यशाली हैं कि इस समय भगवान प्रज्ञा अवतार के रूप में हुआ है, गायत्री महाशक्ति के महान साधक जिसने चौबीस वर्ष में चौबीस लाख मंत्र जप महापुरश्चरण अखंड घृतदीप की स्थापना एवं अखंड ज्योति पत्रिका के अलावा 3000 हजार से अधिक जीवनोपयोगी साहित्य का लेखन गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपने गहन साधना से किया। उनके आदर्श के मार्ग पर चलते करोड़ों गायत्री परिवार का निर्माण हुआ, जो वर्तमान समय में मत्स्यावतार की तरह पूरे दुनिया में फैल रही है। 2026 में अखण्ड ज्योति व माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी मनाई जाएगी।

उन्होने कहा भारतीय संस्कृति की माता गायत्री व पिता यज्ञ को माना गया है। इसी की उपासना, साधना व आराधना से नवयुग का अवतरण होना है, भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है, पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन करने जा रहा है, सभी क्षेत्र में अखिल विश्व में शक्तिशाली बनने जा रहा है, इसके लिए गायत्री मंत्र की साधना अति महत्वपूर्ण हो जाती है, इसी से सद्बुद्धि मिलती है, गायत्री परिवार इसी लक्ष्य को लेकर विभिन्न अनेकों जनकल्याणकारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक घायल, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




- खामतराई मोड़ के पास हुआ हादसा

बाईक के माध्यम से मड़ाई घुमकर आ रहे युवको की बाईक डिवाईडर से टकरा गई। जिससे बाईक चला रहे युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिसमें मृतक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

ग्राम जेवरतला रोड थाना देवरी निवासी पंचूराम रावटे ने पुलिस को बताया कि मेरा छोटा लड़का चेमन रावटे 08 दिसंबर को अपने मोटर साईकिल सीजी 08 बीसी1316 में गांव के देवेन्द्र रावटे पिता छक्कन रावटे और टोमेन्द्र उर्फ भावेश रावटे पिता तारम रावटे के साथ ग्राम जेवरतला रोड से ग्राम बाजार नवागांव के मंड़ई मेला में घुमने गये थे, जहां से तीनो उसी मोटर साईकिल में वापस ग्राम जेवरतला रोड वापस घर आ रहे थे।

मोटर साईकिल को मेरा लड़का चेमन रावटे चला रहा था। मोटर साईकिल के पीछे देवेन्द्र और टोमेन्द्र उर्फ भावेश रावटे बैठे थे। रात्रि करीब 09:30 से 09:45 बजे के बीच ग्राम खामतराई मेन रोड में मोड़ के पास पहुंचे थे कि मोटर साईकिल डिवाईडर से टकरा गई जिससे तीनों को चोंटे आयी है। एक्सीडेंट होने की सूचना मिलने पर मैं, मेरा छोटा भाई गोपाल रावटे और डोमेन्द्र कुमार साहू तीनों घटना स्थल पर जाकर देखे तो मेरा लड़का चेमन रावटे गांव के देवेन्द्र रावटे और टोमेन्द्र उर्फ भावेश रावटे तीनों सड़क में गिरे हुये थे, तीनों को चोंटे लगी थी, जिन्हें ईलाज कराने शासकीय अस्पताल देवरी बंगला लेकर आये थे, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मेरा लड़का चेमन रावटे का मृत्यु हो जाना बताये है। देवेन्द्र रावटे के मुंह, नाक, सिर में बायां कान के ऊपर, बायां पैर के एड़ी के पास और टोमेन्द्र उर्फ भावेश रावटे का सीना में दर्द होना चोंटें आयी है।

# यशवंत जैन को बस्तर संभाग की कमान अभिषेक शुक्ला बने बिलासपुर सहप्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- भाजपा में उत्साह, दो नेताओं को मिली प्रदेश स्तर की महत्वपूर्ण भूमिका

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर मुख्यालय प्रभारी एवं संभाग प्रभारी व सहप्रभारियो की नियुक्ति की है।

जिसमे बालोद जिला के कद्दावर नेता भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को संगठन की दृष्टि से बस्तर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है, वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला को बिलासपुर संभाग का सहप्रभारी बनाया गया है। जिले से दोनों नेताओं की नियुक्ति पर भाजपा जिला के नेताओ ने हर्श व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि पूर्व में यशवंत जैन द्वारा कांकेर जिला संगठन के प्रभारी रहते हुए कांकेर में संगठन को मजबूती देने अथक परिश्रम किया था, जिसके परिणाम स्वरूप पहली बार कांकेर जिले में भाजपा ने सभी चुनावो में अपनी बढ़त बनाई थी, कुशल रणनीतिकार एवं संगठन को बारीकी से समझने वाले यशवंत जैन पूर्व में भी संगठन के विभिन्न दायित्त्वों का प्रभावशाली रुप से निर्वहन कर चुके है। जिला से दोनों अनुभवी नेताओ की नियुक्ति पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री जन सेवक राकेश यादव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कुमारी बाई साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, लेखराम साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, ठाकुरराम चंद्राकर, कौशल साहू, टीनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, पवन सोनबरसा, कांति सोनेश्वरी, सोमेश सोरी, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, पूजा यादव, निशा योगी, चंद्रलता साहू, हरीश कत्क्षरे, मनीष झा, जितेंद्र साहू, विनोद जैन, कमल पम्पालिया, मंडल अध्यक्षगन कुसुम शर्मा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, विवेक वैष्णव, अमित चोपड़ा, अरुण साहू, प्रकाश सिन्हा, योगेंद्र गांधी सिन्हा, सुरेश साहू, उत्तरा घरेन्द्र ▶▶| शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे




**बालोद**। जिला मे 8 से 13 जनवरी 2026 तक दुधली मालीघोरी मे भारत एवं स्काउट गाइड जिला संघ बालोद के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आने का आमंत्रण देने भारत एवं स्काउट गाइड जिला संघ बालोद जिला के मुख्य आयुक्त राकेश यादव रायपुर पहुंचे। राकेश यादव ने मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा के दौरान प्रथम रोवर रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में 12 जनवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जम्बूरी के अंतिम दिन में बतौर मुख्य अतिथि रूप में आने की सहमति प्रदान की।

# अकाउंट धारकों को अनक्लेम्ड राशि वापस दिलाने रिजर्व बैंक की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- अनक्लेम्ड राशि को दिलाने जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर कल

रिजर्व बैंक द्वारा बीते कई वर्षों से बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों व अन्य वित्तीय योजनाओं में जमा अनक्लेम्ड राशि को उसके वास्तविक हकदारों या नामांकित व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के जन-दर्शन कक्ष में आपकी पूंजी, आपका अधिकार जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 दिसंबर दिन शुक्रवार को आयोजित होगा। इस विशेष शिविर में प्रमुख बैंक, विभिन्न बीमा कंपनियां, पेंशन संस्थान, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड सहित कई वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे नागरिकों को उनके अनक्लेम्ड डिपॉजिट (बिना दावा किए वर्षों से जमा राशि), बीमा दावों तथा अन्य वित्तीय दावों की जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें राशि प्राप्ति हेतु आवश्यक प्रक्रिया समझाएंगे। शिविर में आम नागरिकों के लिए समर्पित हेल्पडेस्क व सहायता काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे। इनमें लाभार्थियों को केवाईसी अपडेट, दावा पत्र भरने, आवश्यक दस्तावेज़ों के सत्यापन तथा अन्य औपचारिकताओं में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उन लोगों को विशेष लाभ होगा। जिनके परिजनों के पुराने बैंक खाते, बीमा दावे, पेंशन राशि या अन्य जमा रकम वर्षों से बिना दावे के पड़े हुए हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी जमा पूंजी का दावा प्रस्तुत करें और रिजर्व बैंक की इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाए। यह ▶▶| शेष पेज 12 पर

## एसआईआर के तहत गुण्डरदेही विधानसभा में घर-घर सर्वे पूरा

# निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण में 21 हजार से अधिक अनुपस्थित, मृत और डुप्लीकेट मतदाता मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

### 16 दिसंबर से दावा-आपत्ति



विधानसभा में निर्वाचन नामावलियो का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य 28 अक्टूबर से प्रारंभ कर निर्वाचक नामावलियो के अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी तक किया जाएगा। जिस संबंध में ईआरओ अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा ने राजनीतिक दलो की बैठक आहुत की एवं उन्हे एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

विधानसभा क्षेत्र 61 गुण्डरदेही अंतर्गत मतदान केन्द्र में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर सर्वे पूर्ण कर विधिवत रूप से गणना पत्रक का डिजिटाईलेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, ऐसे सभी मतदाताओ की सूची तैयार कराई जा रही है। जिनका गणना पत्रक विभिन्न कारणो से अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट, मृत के कारण एकत्रित नही हो पाया है। ऐसे मतदाता जिनका किसी प्रकार से एसआईआर 2003 से मैपिंग नही हो पाया है, उनका नो मैपिंग कैटेगरी में रखा गया है जिसके विरूद्व आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु एवं डबल नाम व अन्य कैटेगरी के कुल 21,005 मतदाता पाए गए है। जिनमे मारीबंगला देवरी तहसील अंतर्गत में 4746 मतदाता, अर्जुन्दा तहसील में 6194, गुण्डरदेही तहसील में 10065 मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु एवं डबल नाम व अन्य कैटेगरी पाए गए है।

जिसके तहत 16 दिसंबर से मतदान केन्द्रो मे दावा आपत्ति फार्म में जानकारी प्रदान किया जा सकेगा। जिनमें विधानसभा क्षेत्र में अनुपस्थित 1347, अन्य जगह स्थानांतरीत 12929, मृत्यु 4820 एव डबल नेम वाले 1825 व अन्य 84 मतदाता है।

### प्रेमिका की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई**। दुर्ग पुलिस ने हत्या के बाद शव को जला देने के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। कैटरिंग में काम करने वाली महिला से पहले शादीशुदा युवक ने प्रेम संबंध कायम कर संबंध बनाए। इसके बाद जब महिला शादी के लिए लगातार दबाव बनाने लगी तो परेशान होकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए शव को जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पुरई के कोटवार केवलदास मानिकपुरी ने पुलिस को जानकारी दी थी कि करगाडीह पाउवारा नहर के पास खेल मैदान में एक महिला का जला हुआ शव पड़ा है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# शिक्षामंत्री ने तांदुला संभागीय कार्यालय व उपसंभागीय भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलावार को जल संसाधन विभाग दुर्ग के तांदुला संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय भवनों का लोकार्पण फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पांडेय एवं कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस भवन को प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषक हितों के क्षेत्र में उच्च दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक परिसर पुराने जर्जर भवन की जगह, भविष्यदृष्टा और टिकाऊ तकनीकी मानकों के अनुसार विकसित किया गया है, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और जनता-केंद्रित सेवाओं में स्पष्ट रूप से सुधार आएगा। वर्ष 1912 में निर्मित पुराना भवन समय के साथ अत्यधिक जर्जर हो गया था, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और आम जनता को अपेक्षित सुविधा प्रभावित हो रही थी। भवन का पुनर्निर्माण दूरगामी दृष्टि, तकनीकी मानकों और जनता-केंद्रित प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया।

## बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना जरूरी-ललित चन्द्राकर

### 336.67 लाख रुपए से होंगे कार्य

इस परियोजना की कुल लागत 336.67 लाख रुपए है। यह परिसर दुर्ग जिले में 1.27 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण एवं अनुरक्षण कार्य और डिजिटाइज्ड अभिलेख प्रणाली के संचालन में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। उन्होंने सिंचाई के लिए नहर को महत्वपूर्ण बताया। नहर का जाल बिछने से सभी प्रकार के वाटर रिसोर्स रिचार्ज किया जा सकता है। नवीन भवन में अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं सम्मिलित हैं, संरचना के साथ दीर्घकालिक स्थायित्व, फ्लाई ऐश ब्रिक आधारित पर्यावरण-सम्मत निर्माण, प्राकृतिक वेंटिलेशन और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, ऊर्जा-दक्ष प्रकाश एवं वातानुकूलन प्रणाली, सुरक्षित अभिलेख कक्ष और डिजिटाइज्ड ई-ऑफिस अवसंरचना, बहुउद्देश्यीय बैठक कक्ष, विस्तारित कॉरिडोर और सुरक्षित आगंतुक मार्ग, तथा भविष्य की वृद्धि के अनुरूप अनुकूलनीय रूपरेखा। इन सभी तकनीकी पहलुओं ने भवन को प्रशासनिक उत्कृष्टता, कार्यकुशलता और पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श केंद्र बनाया।



### सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरुरत

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा ने कहा कि सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरूरत है। कंपनियों द्वारा प्रदूषित जल सीधे जलाशयों में छोड़ा जा रहा है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि जलाशयों की शुद्धता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नए संभाग के गठन के साथ जिले के विकास की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना और निरंतर नवाचार करना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक की मदद से पानी के उपयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में व्यापक स्तर पर सोखता निर्माण का कार्य जारी है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है - चन्द्राकर

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपनी पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ मोहन नगर पांडे टिम्बर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया और कथा का श्रवण किया। लोगों ने विधायक दंपति का स्वागत किया और कथा के दौरान उनके साथ बैठकर भक्ति का आनंद लिया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है और भक्ति जीवन में शांति और संतोष लाती है। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना भी की। कार्यक्रम में गुड्डु पांडे, सुशीला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### कृषि आदान सामग्रियों की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दुर्ग।** जिले में रबी 2025-26 के लिए फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के मांग, भण्डारण, वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण तथा निरीक्षण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में निरागनी के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी व सहायक नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जानकारी अनुसार सहायक संचालक कृषि सुमन कुमार कोर्राम को निगरानी के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकी अधिकारी सत्यवती, कृषि विकास अधिकारी अमित, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संपदा लहरे, अनिल चन्द्राकर, निशा सिंह, पूनम कंवर और मुख्य लिपिक सुनिता लाउत्रे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष के दायित्व सौपी गई है। संबंधित अधिकारी संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर से प्राप्त लक्ष्य एवं निर्देशानुसार अधिनस्थ कार्यालयों से जानकारी/प्रगति संकलित कर समयावधि में वरिष्ठालय को प्रेषित कर नियमानुसार नियंत्रण कक्ष का संचालन करेंगे।

### छह साल से अधूरा है शौचालय, अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं

# वार्ड 17 में अधूरा शौचालय, जर्जर नेहरू भवन और नालियों पर कब्जा होने से लोग परेशान

## सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अधूरा, टूटने लगा ढांचा

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड 17 में बुनियादी सुविधाओं की कमी लोगों की रोजमर्रा की जीवन को मुश्किल बना रही है। यहां सार्वजनिक शौचालय का अभाव है। चर्चित नेहरू भवन की खराब हालत खराब है। यहां नालियों पर अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई नहीं हो पा रही है।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत नेहरू भवन वार्ड के चिंगरी पारा में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण छह साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन आधा बनकर छोड़ दिया गया। अब वहां मवेशी घूमते हैं और ढांचा धीरे-धीरे टूटने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद चुनाव के दौरान ठेकेदार द्वारा काम रोक दिया गया। उसके बाद कोई ध्यान नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार इस शौचालय के लिए नगर निगम ने करीब 22 लाख रुपये की मंजूरी दी थी। इसके बावजूद काम पूरा न होना कई सवाल खड़े करता है। वार्ड में सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतरी है। नालियों पर अवैध कब्जे के कारण सफाई कर्मियों को पहुंच नहीं मिल पाती। नालियां लगातार बजाबजा रही हैं और बदबू से माहौल बिगड़ रहा है। वहीं नेहरू भवन में भी मरम्मत की आवश्यकता है। लोगों ने नालियों से कब्जे हटाकर सफाई कराने की मांग की है।





### लालबहादुर शास्त्री अस्पताल के पास सर्विस रोड बना कचरा जोन, लोगों में नाराजगी

लालबहादुर शास्त्री अस्पताल से कुछ ही दूरी पर जीई रोड के किनारे बनी सर्विस रोड पर लंबे समय से कचरा फेंका जा रहा है। आसपास आबादी है, दुकानें हैं और पास ही एक भवन है जहां शादी और दूसरे सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं, लेकिन कचरे के ढेर ने पूरे इलाके की हालत खराब कर दी है। लोगों का कहना है कि सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। बदबू और गंदगी से माहौल बिगड़ रहा है। शहर को डस्टबीन मुक्त बनाने की कोशिश में अब नए तरीके से सड़कों पर कचरा डालने का सिलसिला चल पड़ा है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से सर्विस रोड पर कचरा डंपिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

### 17 कब्जाधारियों को निगम ने थमाया नोटिस, 8 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

नेहरू भवन वार्ड में व्यापारियों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। इससे लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं सरकारी स्कूल के आगे नालियों पर अवैध कब्जा के कारण सड़क की पतली हो गई है। नियम के तहत सरकारी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में पान ठेला नहीं होना चाहिए, लेकिन यहां मौजूद है। निगम के जोन-1 कार्यालय से अवैध कब्जों पर कार्रवाई को लेकर 17 कब्जाधारियों को दो बार नोटिस जारी किया है। पहला नोटिस 7 मई को और दूसरा 20 मई को जारी हुआ था। 8 महीने बीत जाने के बाद भी इन कब्जाधारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### वार्डवासियों ने की सामुदायिक भवन की मांग

चिंगरी पारा के लोगों ने अधूरे पड़े सार्वजनिक शौचालय को लेकर फिर आवाज उठाई है। प्रमोद चौहान, कमलेश चौहान, सुशीला चौहान और सबिता का कहना है कि यह शौचालय करीब छह साल से अधूरा पड़ा है और अब पूरी तरह बेकार हो चुका है। उनका कहना है कि अधूरे ढांचे ने जगह घेर रखी है लेकिन किसी काम का नहीं है। लोग चाहते हैं कि इस अधूरे निर्माण को तोड़कर यहां एक सार्वजनिक भवन बनाया जाए, ताकि मोहल्ले के लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से कर सकें। स्थानीयों का कहना है कि वार्ड में पहले से ही सार्वजनिक सुविधाओं की कमी है। ऐसे में अगर यहां एक सामुदायिक भवन बनाया जाता है तो इसका फायदा पूरे मोहल्ले को मिलेगा और जगह का सही उपयोग भी हो सकेगा।



### 1 करोड़ से होगा डामरीकरण

अधूरे शौचालय को पूरा करने के लिए कई बार निगम में आवेदन सौंपा गया है। पार्षद चुनाव के पहले काम रोक दिया गया था। वार्ड में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 1 लाख रुपए से नाली और सीमेंटीकरण कार्य होना है। वहीं 1 करोड़ की राशि से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। **-भोजराज भोजू,** पार्षद वार्ड 17, सुपेला

### अन्तरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान में डिलेश प्रथम

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर को भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंद्ध 25 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर डिलेश कुमार साहू चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा, द्वितीय स्थान पर आयशा नाज, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाईनगर तथा तृतीय स्थान पर श्रवण साहू, चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा घोषित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आयशा अहमद ने विजेताओं को बधाई दी है।

### रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सेनि अपर संचालक, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं सर्वेक्षण, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जागरूकता अभियान का संदेश पहुंचाया है। उससे सभी ग्रामीण लाभान्वित एवं जागरूक रहे।

## शास. पॉलिटेक्नीक दुर्ग में मित्र कुंभ 2025 का आयोजन 13 को

**दुर्ग।** शासकीय पॉलिटेक्नीक दुर्ग में 13 दिसम्बर को भूतपूर्व छात्रों के एक मिलन समारोह मित्र कुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्था की समृद्ध विरासत और भविष्य की प्रेरणा का संगम बनेगा।

संस्था के एल्युमनी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह आयोजन सिर्फ एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि यह संस्था की विरासत को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक प्रयास भी है। पूर्व छात्रों की सफलता की कहानियां, उनके अनुभव एवं विचार निश्चित रूप से वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणादायक होंगे। एसोसिएशन के सचिव शीतल दुबे ने संस्था के भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित करते हुए कहा, मित्र कुंभ 2025 में सम्मिलित होकर अपने पुराने मित्रों से मिलेंगे, बल्कि संस्था परिसर में पुरानी यादों को भी ताज़ा करेंगे। प्राचार्य पीके पांडे ने भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे इस विशेष आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## जन्म, कर्म और मृत्यु ही मृत्युलोक का मूल : पं. भूपत नाराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वीआईपी नगर शिव मंदिर के पास रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन पंडित भूपत नारायण शुक्ल अमोरा बेमेतरा वाले ने मृत्यूलोक का बोध कराया। बता दें कि इस आयोजन में अलग अलग राज्यों से साधु संत व महंत अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान मंगलवार को पंडित भूपत नारायण शुक्ल ने बताया कि मृत्यूलोक का मतलब है मरने वाला लोक। जन्म, कर्म और मृत्यू से मृत्यूलोक बना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वह लोक संसार है जहां जन्म लेने वाले सभी प्राणियों की मृत्यु होती है। इसे पृथ्वी लोक भी कहते हैं, जो कर्मों का मंच है जहां आत्माएं जन्म-मृत्यु के चक्र से गुजरती हैं और अपने कर्मों का फल पाती हैं, तथा ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने का प्रयास करती हैं, यह एक नश्वर और अस्थायी स्थान है जहां मोह और माया का अनुभव होता है, इस लोक को आत्मा के विकास का स्थान माना गया है।



### भगवान के तीन तत्वों का किया वर्णन

पं. शुक्ल ने भगवान के तीन तत्वों का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत चित और आनंद से सचिदानंद भगवान का नाम आया है। यानि जो सत्य मन के साथ आनंदित हो वे सचिदानंद भगवान है। भगवान अपने भक्तों को सदा इसी सत चित से देखते हैं और उनका उद्धार करते हैं। पंडित शुक्ल ने आगे कहा कि मानव जन्म मिला है तो हमें सत कर्म ही करना चाहिए। जैसा कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा। मृत्यूलोक में मानव को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। अच्छे कर्म मानव आत्मा को मोक्ष मिलता है और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

### ग्रंथों में मिलता है मृत्युलोक का वर्णन

पंडित शुक्ल ने बताया कि गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण गीता में अपने परम शिष्य अर्जुन से कहा था कि हे कौन्तेय! सूर्य के उत्तरायण होने पर, शुक्ल पक्ष के दौरान, दिन के समय में जो पुण्यात्मा अपना देह त्यागता है, उसे तत्क्षण मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, सूर्य के दक्षिणायन होने पर, कृष्ण पक्ष के दौरान, रात के समय में देह त्यागने पर व्यक्ति को चंद्र लोक में स्थान प्राप्त होता है। एक निश्चित समय के बाद जीवात्मा को पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ता है। गरुड़ पुराण में भी उच्च लोकों के बारे में वर्णन है। इसका अर्थ यह है कि हमारे पुराने ग्रंथों में मृत्यूलोक का वर्णन मिलता है।

## अनावश्यक कंडिकाओं को किया गया मर्ज वास्तविक मूल्य अनुसार मिले सके लोन

# नई गाइड लाइन की कंडिकाओं का किया सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाईन दरों को निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला-जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त, स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाईन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छग रायपुर द्वारा अनुमोदित कर 20 नवम्बर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। नवीन गाइडलाईन को लेकर आमजन के मध्य भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है।

- पिछले 7-8 वर्षों से गाइड लाइन दरों में वृद्धि नहीं

विगत 7-8 वर्षों से गाइडलाईन दरों में वृद्धि नहीं किये जाने के कारण सम्पत्ति के वास्तविक मूल्य एवं गाइडलाईन दर असंतुलित हो गया था। इसे संतुलित करने वार्डों के परिसीमन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित ग्राम, मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग आदि को दृष्टि से मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग तथा एक समान क्षेत्रों का सामुहिकरण करते हुए दरों को युक्तियुक्तकरण किया गया, जिससे किसानों को उनकी भूमि का वास्तविक दर अनुसार मुआवजा मिल सके तथा आम जनता को वास्तविक मूल्य अनुसार हाऊसिंग लोन की राशि मिल सके।

### रखी गई है 457 कंडिकाएं

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि दुर्ग जिले में लागू नवीन गाइडलाईन दरों की विसंगति को दूर करने कंडिकाओं का सरलीकरण कर नगरीय क्षेत्र, नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई-3 चरोदा, रिसाली, उतई के अनेक वार्ड में 1020 कंडिकाएं थी, जिन्हें युक्तियुक्तकरण कर 457 कंडिकाएं रखी गई हैं। नगरीय क्षेत्रों के वार्डों की कंडिकाओं का युक्तियुक्तकरण अर्थात विसंगति दूर कर अनावश्यक कंडिकाओं को मर्ज करते हुए लगभग समान दर वाली कंडिकाओं के लिए एक समान दर का निर्धारण किया गया। उसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि किया गया है। इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी भी रोड व वार्डों के आमने-सामने की दरों में समानता हो। पूर्व में प्रचलित बाजार मूल्य मार्गदर्शिका में एक ही वार्ड में विभिन्न कंडिकाओं में एक समान जगहों पर अलग-अलग दरें थी, जिससे नागरिकों एवं आमजनों को समझने में कठिनाई होती थी कि उनके अचल संपत्ति एवं दूसरे संपत्ति एक ही वार्ड में होने पर भी गाइडलाईन बाजार मूल्य अलग-अलग होते थे। जबकि वास्तविक बाजार मूल्य लगभग एक समान होते थे।

### ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया

पूर्व प्रचलित गाइडलाईन 2019-20 में नगर पालिक निगम दुर्ग की तितुरडीह वार्ड क्रमांक 21 में कुल कंडिकाओं की संख्या-15 था, जबकि लागू नवीन गाइडलाईन 2025-26 में केवल 04 कंडिका रखा जाकर पुनर्रीक्षित एवं युक्तियुक्तरण/विसंगतियों को दूर कर रखा गया है। नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक-27 पोलसाय पारा वार्ड की कंडिका क्रमांक (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स से पुराना बस स्टैण्ड तक, स्टेशन रोड एवं वार्ड क्रमांक 28 कंडिका (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स चौक से नया बस स्टैण्ड जाने वाली रोड की दोनों दर में असामान्य विसंगति थी। ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया जिससे संपत्ति की विशिष्ट पहचान के साथ सही मूल्यांकन किया जा सकें। इसी आधार पर रोड/वार्डों के आमने-सामने की दरों को समान रखा गया है।

### जुनवानी और स्मृतिनगर में भी एक समान दाम

नगर निगम भिलाई के वार्ड 01 में पूर्व में 22 कंडिकाएं थी जिसमें मुख्य मार्ग पर 10, 800 से 37,700 रुपए प्रति वर्गमीटर एवं मुख्य मार्ग के अंदर 22 भिन्न-भिन्न दरें थी। वहीं स्मृति नगर में पूर्व में 09 कंडिका प्रचलित था जहां मुख्य मार्ग की दरे 23,000 से 30,200 रुपए प्रति वर्गमीटर था एवं मुख्य मार्ग के अंदर 9 भिन्न-भिन्न दरें 12,700 से 22,200 रुपए तक प्रचलित था। ये दोनों ही वार्ड मुख्य मार्ग जुनवानी के आमने-सामने स्थित है। इन्हीं दरों की विसंगतियों को दूर करने हेतु मुख्य मार्ग एवं मुख्य मार्ग अंदर एक समान दर रखा गया है।

## पेज 11 के शेष

### 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में ...

रचनात्मक अभियान के रूप में कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि दुनिया में गुरु का बहुत महत्व है गुरु ही इस दुनिया से मोक्ष प्रदान कर भगवान के समीप ले जाता है, हम 1 बार नहीं हम लाखों जन्म ले चुके है, कारण जीवन में अच्छे गुरु का अभाव है, हमे सदगुरू बनाना चाहिए, तभी हम भगवान के समीप जा सकते है। इस दौरान 11000 दीपक प्रज्वलित कर दीपयज्ञ में वेदमंत्रें की आहुति दी गई एवं गायत्री उपासना, स्वाध्याय साधना एवं राष्ट्र आराधना सेवा करने का संकल्प लिया गया, 11 दिसंबर को गायत्री महायज्ञ में दीक्षा संस्कार व अन्य संस्कार के साथ पूर्णाहुति होगी। देव पूजन, नेहा हेमंत पटेल, फूलेश युवराज बेलसर ने किया। तत्व वेदी पूजन जया बेन करम सिंह पटेल, भामा साहू, जनक लाल, कौशकी निर्देश, सरोज अर्जुन गंग बेर ने किया। सर्वतोभद्र पूजा में नेहा सुनील सोंवनी, केसर प्रमोद देवांगन, ममता आनंद राजपूत, रितिका, योगेश साहू उपस्थित थे। कुल संस्कार के तहत 10 बच्चे का मुंडन संस्कार किया गया। जिसमे विद्या आरंभ 6 बच्चो का, अन्न प्रासन 5 बच्चे, जन्म दिवस 1 व्यक्ति, नामकरण 1, विद्या आरंभ 14 बच्चे, पुंसवन 6, विवाह दिवस 1, यज्ञ में पवन कुमार खेमीन ग्राम तमोरा, डोमन धामनी नर्रा, युवराज हेम शिखा पैरी, लोकनाथ मनीषा दुर्ग, टीकम यमुना घोघोपुरी इस संस्कार को आचार्य योगीराज यादव हरिद्वार, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र सिन्हा का सामूहिक विवाह समारोह में विवाह किया गया।

### यशवंत जैन को बस्तर संभाग की ...

रूपेश नायक, युवराज मार्कण्डेय, कुलदीप साहू, जीतू गुप्ता, रामेश्वर साहू, आनंद शर्मा, खेमलाल देवांगन, तुकेश्वर पांडेय सहित जिले के अनेक नेताओ कार्यकर्ताओ ने हर्श व्यक्त की।

### अकाउंट धारकों को अनक्लेम्ड ...

शिविर नागरिकों की छूटी हुई वित्तीय पूंजी को वापस दिलाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित होगा।

## खबर संक्षेप



### तीन और ओव्हरब्रिज की आवश्यकता, विधायक रिकेश ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**भिलाई।** भिलाई में नेहरू नगर मुख्य चौराहे सहित अन्य क्षेत्र में बढ़ते ट्रेफिक दबाव को कम करने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग और नेहरू नगर चौक से अग्रसेन चौराहे तक ओव्हर ब्रिज बनाने की मांग की है। विधायक सेन ने बताया कि नेशनल हाइवे खुर्सीपार, पावर हाउस एवं सुपेला में ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे शहर के ट्रैफिक जाम में कमी आई है, लेकिन नेहरू नगर चौक में ओवर ब्रिज न होने के कारण शाम 6 से रात 10 बजे तक हैवी ट्रैफिक जाम रहता है। दिन में भी लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वायु प्रदूषण अधिक होने से भी नेहरु नगर के आसपास क्षेत्र में एक्यूआई निर्धारित मानक से अधिक हो रहा है।

### पं. धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर



**भिलाई।** जयंती स्टेडियम के पास 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 25 से 29 दिसंबर तक दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन सेवा समर्पण समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। मातृ शक्तियों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड एवं पीला चावल भेंट कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। दुर्ग-भिलाई में विभिन्न समाजों के नाम से लगभग 100 स्वागत गेट का निर्माण किया जाएगा। इसमें समाज की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भगवा ध्वज भी लगाए जाएंगे। राकेश पाण्डेय ने लोगों से अपने घरों की छत पर भगवा ध्वज लगवाने की अपील की है।

### वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क पर असुरक्षित रूप से खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत जीवन की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए अभियान चलाया गया है। इस दौरान कुल 21 वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 285 के तहत कार्रवाई की गई है। लापरवाह वाहन चालाक स्वामी के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना पुलगांव, मोहन नगर, नेवई, सुपेला, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, नंदनी में 2 -2 प्रकरण और दुर्ग, वैशाली नगर, कुम्हारी, उतई, पाटन, अंडा, अम्लेश्वर में 1 -1 अपराध दर्ज हैं।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ ...







**बालोद।** 5 आदर्श विवाह सहित 6000 लोगों ने गायत्री यज्ञ में आहुति दी। बालोद में चल से 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ गजानंद पोहा मिल में तीसरे दिन 6 पाली में हुई जिसमें 6000 लोगों ने यज्ञ आहुति विश्व कल्याण के लिए वेदमंत्रें की आहुति दी गई। तृतीय दिवस देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से डा. चिन्मय पंड्या का आगमन हुआ।

### सेमरिया नाला पर 3.10 करोड़ की लागत से होगा नए पुल का निर्माण

# बोरी सेमरिया नाला पर नया पुल निर्माण शुरू, हजारों ग्रामीणों को मिलेगा लाभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरी स्थित सेमरिया नाला पर नया पुल बनने की स्वीकृति के बाद अब निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। वही स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की साहस ली पुल के बनने से आसपास के 20 गांवों के लोगों को आने-जाने में अब बारिश के मौसम सहित समानीय दिनों मे भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। विभाग ने तीन करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से 75 मीटर लंबे और 8.4 मोटर चौड़े पुल के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया था। इसके साथ ही मिट्टी परीक्षण, भू-जल सर्वेक्षण और ड्राइंग प्रक्रिया पहले ही पूरा चुके थे विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुल बनाने के लिए कार्यादेश जारी करने के साथ कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सेमरिया नाला का पुराना पुल लगभग 15 से 20 वर्षों से जर्जर स्थिति में था। हर बारिश में एप्रोच रोड बह जाने से ग्रामीणों का आवागमन ठप हो जाता था। कई बार पानी पुल के ऊपर तक पहुंच जाता था। चारपाहिया वाहन बारिश के मौसम तक पूरी तरह से बंद रहता था और ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्तों से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कई बार राहगीरों और स्कूली बच्चों को जोखिम उठाकर नाला पार करना पड़ता था। एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीत सेवाएं भी बाधित होती थीं। ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा लगातार नए पुल की मांग उठाई जा रही थी, ताकि वर्षा ऋतु में भी मार्ग सुचारु रहे। स्वीकृति मिली तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। नाले के किनारे में रखी गई निर्माण सामग्री 10 मीटर होगी, जिससे बरसात में भी जल स्तर व बहाव से कोई खतरा नहीं रहेगा। दोनों ओर 100-100 मीटर लंबा एप्रोच रोड भी बनाया जाएगा। परियोजना की कुल स्वीकृति राशि तीन करोड़ 10 लाख 86 हजार रुपये है। नया पुल बनने से हल्दी, बैलोदी, भेंगारी, चारवाही, पीपरछेड़ी सोहतरा, भूसरेंगा, ढाबाडीह, पसौद, बोरी, खपरी, परसाही, निपानी, सोहपुर सहित 20 से अधिक गावों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह पूरा क्षेत्र दैनिक आवागमन, बाजार, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए बालोद, लाटाबोड़ और गुंडरदेही मुख्यालय से इसी मार्ग के माध्यम से जुड़ा है।

ग्रामीणों के अनुसार यह सेतु उनके लिए मात्र एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि सुरक्षित परिवहन और सुविधा का आधार है। ग्रामीणों का कहना है कि नया पुल निर्माण होने से बरसात में फंसने, कृषि उत्पाद बाजार तक न पहुंचाने, स्कूल बच्चों की सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं के बाधित होने जैसी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।



## शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में जनजातीय गौरव स्मृति एवं शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में दिनांक 10 दिसंबर दिन बुधवार को प्राचार्य डॉ. रोशन आरा के निर्देशन में जनजातीय गौरव स्मृति एवं शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय ढंग से किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नेहा ध्रुवे तथा सहसंयोजन नंदकिशोर सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता बाई तारम, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी,अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने की। विशेष अतिथि के रूप में सुशीला बाई अमरिया, सरपंच ग्राम पंचायत बटेरा तथा नेतराम तारम, पूर्व सरपंच सिवनी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा भगवान बिरसा मुंडा एवं शहीद वीरनारायण सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों ने जनजातीय समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा एवं शहीद वीरनारायण सिंह के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष और आदर्शों को छात्रों के सामने रखा तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। संयोजक नेहा ध्रुवे ने शहादत दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को जनजातीय विरासत और बलिदान की समृद्ध परंपरा से अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें जनजातीय कला, संस्कृति एवं वीर नायकों की गाथा को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नंदकिशोर सिन्हा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# दल्लीराजहरा नगर पालिका में नौ माह में नहीं हुई सामान्य सभा, विपक्ष ने कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्ली राजहरा नगर पालिका के वर्तमान कार्यकाल को लगभग नौ माह का समय बीत चुका है, लेकिन शहर के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अब तक एक भी सामान्य सभा आयोजित नहीं की गई। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विपक्ष के प्रमुख जनप्रतिनिधि—विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, नेता प्रतिपक्ष सूरज विभोर, और उपनेता प्रतिपक्ष प्राची सिन्हा ने संयुक्त रूप से नगर पालिका अध्यक्ष के इस रवैये को अलोकतांत्रिक, मनमाना और तानाशाहीपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम का खुला उल्लंघन नौ माह में एक भी बैठक नहीं, छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 35 के अनुसार प्रत्येक दो माह में कम से कम एक सामान्य सभा का आयोजन अनिवार्य है। इसके तहत नौ माह में कम से कम चार बैठकें होना आवश्यक था। परंतु, नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा एक भी बैठक न बुलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि संवैधानिक दायित्वों से पलायन भी माना जा रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप्प मनमर्जी से फैसले विपक्षी जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि बैठकें न होने से विकास परियोजनाएं लंबित पड़ी हैं, नई योजनाओं पर चर्चा और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। अध्यक्ष एकतरफा निर्णय ले रहे हैं, जिसमें पार्षदों और जनता की राय को दरकिनार किया जा रहा है। सामान्य सभा न होने से सत्ता और विपक्ष के बीच जनता के प्रति जवाबदेही का तंत्र खत्म हो रहा है। तत्काल सामान्य सभा बुलाने की मांग, विपक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि—धारा 35 के अनुसार तुरंत सामान्य सभा बुलाकर नियमित प्रक्रिया बहाल की जाए। पिछले नौ माह में अध्यक्ष द्वारा लिए गए सभी व्यक्तिगत और मनमाने निर्णयों को सामान्य सभा में रखा जाए और विधिवत चर्चा कर अनुमोदित किया जाए। विपक्षी प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि नगरपालिका अध्यक्ष इस दिशा में त्वरित कार्रवाई नहीं करते, तो वे जनता के हितों की रक्षा हेतु आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

विपक्ष का स्पष्ट संदेश शहर की आवाज दबने नहीं देंगे विपक्ष ने कहा कि दल्ली राजहरा शहर का विकास रुकना नहीं चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दरकिनार कर तानाशाही थोपने का प्रयास किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। सामान्य सभा नगर प्रशासन का हृदय है और उसका बंद होना, जनता की आवाज को रोकने के समान है। रतिराम कोसमा विधायक प्रतिनिधि, सूरज विभोर नेता प्रतिपक्ष, प्राची सिन्हा उपनेता प्रतिपक्ष मांग किया है कि तत्काल सामान्य सभा की बैठक आयोजित किया जाए।

- नौ माह में नहीं हुई सामान्य सभा, विपक्ष ने कानून का उल्लंघन बताया

# कलेक्टर मिश्रा का सख्त निर्देश: 10 बजे बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य में मुख्य सचिव से लेकर सबसे नीचले क्रम तक के सभी अधिकारी–कर्मचारियों का कार्यालय में पहुंचने के पश्चात बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि उक्त आदेश के परिपालन में सुबह 10 बजे अपने–अपने कार्यालयों में पहुँचने के पश्चात जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों का बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुबह 10 बजे कार्यालय में पहुँचने के पश्चात अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित नही करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले के जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत चल रहे धान खरीदी के कार्य की भी समीक्षा की। मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन निर्धारित समय में धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों, निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों सहित सभी अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को अपने धान की बिक्री करने में परेशानी नही होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे सघन पौधरोपण के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को रोपे गए पौधों के लिए पानी की समुचित उपलब्धता के अलावा देखरेख की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने युवा खेल महोत्सव के आयोजन, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आदि के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव के सफल एवं बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# ग्राम बम्हनी का जर्जर कलामंच हादसे को दे रहा खुला न्योता

## ग्रामीणों ने डिस्मेंटल व नए भवन की उठाई मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत चीरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी में लगभग दो दशक पहले वार्ड क्रमांक 17 में बनी कलामंच अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिसका छत जर्जर हो गया है, प्लास्टर झड़ते रहते हैं, वही नन्हे बच्चे, बुजुर्ग उसके पास खेलते बैठे रहते हैं। जिससे खतरा बना रहता है।

कई लोग जर्जर कलामंच में खेती किसानी संबंधित सामान के साथ धान रखने के लिए उपयोग कर रहे है, जो गंभीर हादसा को खुले आम न्योता दे रहा है। ग्राम के पूर्व सरपंच चुकेश्वर साहू व वर्तमान सरपंच कचरा बाई ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा उक्त कलामंच को डिस्मेंटल करने कई बार एसडीएम को पत्र दिए है, ग्रामीणो द्वारा लगातार डिस्मेंटल कर नए भवन की मांग विधायक कुंवर सिंह निषाद से कर चुके है, लेकिन अधिकारियों के सुस्त रवैए के कारण कभी भी हादसा हो सकता हैं। ग्राम प्रमुख बम्हनी पटेल रामसाय देवांगन व द्वारिका प्रसाद पटेल ने कहा कि समय रहते इस जर्जर कला मंच को तोड़े, वही शासकीय प्राथमिक शाला बहमनी व संलग्न आंगनबाड़ी बम्हनी में बाउंड्री वाल भी बनाने की मांग किए है, क्योंकि स्कूल के पास तालाब व पास में बरसात में नाला से पानी बहता है, वही सड़क में तेज वाहन चलते है, सड़क से सुरक्षा व बरसात में हादसे का डर रहता है समय रहते स्कूल में बाउंड्री वाल बनाए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर राजस्व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गुण्डरदेही/सिकोसा।** ब्लॉक के जनपद पंचायत सरपंच संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम गुण्डरदेही को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया कि 9 महीने से ज्यादा हो गया है पंचायत में 15वें वित्त की राशि से लेकर पंचायत ऑपरेटर का वेतन अभी तक अप्राप्त है, जिससे पंचायत में विकास कार्य रुका हुआ है, काफी दिक्कतें आ रही है, सरपंच संघ की बैठक में 100 से अधिक सरपंचों ने अपनी सहमति देकर 12 दिसंबर को बस स्टैंड गुण्डरदेही मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली के रूप में एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में पंचायत ऑपरेटर, सरपंच व पंच सम्मिलित होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। ज्ञापन मे प्रमुख रुप से मांग की गई है कि ग्राम पंचायत में 15वें वित्त की राशि अति शीघ्र प्रदान करे, डीएमएफ की राशि गुण्डरदेही ब्लाक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में भी दिया जाये, सरपंच पंच का मानदेय सम्मान जनक हो, ग्राम पंचायत में ली जाने वाली संपत्ति कर अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही, कलेक्टर द्वारा आदेशित पत्र द्वारा बुनियादी करवा कर संपत्ति कर लिया जावे, जनपद क्षेत्र अंतर्गत गांव में जल जीवन मिशन के कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराई जावे, ग्राम सभा के माध्यम से मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 60 वर्षों के सभी बुजुर्गों को पेंशन की पात्रता मिले साथ ही सभी विकलांग लोगों को भी पेंशन का लाभ मिल सके, ग्राम पंचायत के अंतर्गत कंप्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य को नियमितीकरण किया जाये तथा मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों की राशि का भुगतान अति शीघ्र किया जाये। संघ ने कहा कि उक्त मांगों के प्रति शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करने 12 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### खिलेन्द्र निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**छुरिया।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लॉक छुरिया की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। गठन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जयंत कुमार बावने निर्वाचन अधिकारी के रूप में मौजूद थे। इस दौरान जिला सचिव टिकेश्वर साहू सह निर्वाचन अधिकारी थे। निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष खिलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कुंदन पांडे, सचिव महेंद्र पाल, सह सचिव रतिराम साहू, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, सह कोषाध्यक्ष सरिता साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कविता सोनी, उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, प्रवक्ता सहनोज जार्ज, सह प्रवक्ता स्वाति सलाम एवं सहसचिव अशोक कंवर निर्वाचित हुए।

### ठाकुरटोला में रासेयो शिविर का आयोजन

**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन में रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ठाकुरटोला में किया। नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित शिविर का उद्घाटन सरपंच चुलेंद्री रामप्रसाद लोधी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डां ओपी अग्रवाल, किरण नरेडी, सतीश देवांगन, संजय वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, कौशिल्या वर्मा थी। शिविर का संचालन रासेयो प्रभारी अरुण साहू के मार्गदर्शन एवं दल नायक रितेश पटेल, उप दलनायक डेकेश्वर, उप दल नायिका लता यादव के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुभाष ठाकुर, ज्योति वर्मा, कामिनी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### योगासन स्पर्धा में मेघराज तृतीय

**डोंगरगढ़।** सुल्तानपुर में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद अंतर्गत योगासन में सरस्वती शिशु मंदिर के मेघराज वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, प्रकाश गिरधर, नीलम चोपड़ा, केशवलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले ने बधाई दी है।

## निधन

### बाला राम कौमार्य

**बालोद।** ग्राम मोहलाई निवासी गणित व्याख्याता एवं विशेषज्ञ सेवा निवृत्त शिक्षक बाला राम कौमार्य का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे धर्मेन्द्र कौमार्य शिक्षक एवं संजय कौमार्य के पिता थे।



**प्रवचन :** भागवत कथा के अंतिम दिवस में सुदामा चरित्र का वर्णन, कर्म व संतोष को बताया सर्वोच्च धन

# मानव जीवन का उद्देश्य परम आनंद की प्राप्तिः संत श्री निरंजन

**श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया।

कर्म को दिव्यता से भाग्य बदला जा सकता है। भारतीय संस्कृति एवं सनातन का विराट स्वरूप सुदामा चरित्र की कथा कहते हुए संत निरंजन महाराज ने बताया की मित्रता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सप्तम दिवस को कथा में सनातन धर्म में गरीब सुदामा और कृष्ण को मिलता का विश्व मानव जीवन के लिए अमूल्य निधि बताया गया।

सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से निकले द्वारिका गये किन्तु उनके मन में कुछ मांगने भाव नहीं था। जीव ही सुदामा है और ईश्वर उसका मित्र। गोपियों ने आनन्द स्वरूप भगवान को अपना मित्र माना अभावग्रस्त रहने पर भी आनंदित होकर जीना संतोषी ब्यक्ति का लक्षण है सन्तोष धन सभी सभी धनों में सर्वोपरि है। अपने कर्तब्य कर्मो से प्राप्त वस्तुओं में संतोष रहकर जीव सुखी हो सकता है। आत्ममंथन ही सवा से बड़ा धन है भौतिक भोगों के पीछे भागकर जीव अपने सच्चे स्वरूप को भूल जाता है। भगवान ही जीव का सच्चा मित्र है।

उन्हें स्मरण करते हुए जीवन यापन करने वाले सदा सुखी रहता है। संत निरंजन जी बताया की सुदामा की कथा अमीरों के किए भी है और गरीबो के लिए भी। धन पाकर परम धन को न भूले जीव परीक्षित है और सात दिनों मे उसे मुक्त होना है परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा काल रूपी



सर्प सदा सिर पर है। मृत्यु के पूर्व हो हम परमात्मा तत्व का अनुभव करले। भागवत कथा का संदेश है मुक्त होकर जीवन यापन करे और निरन्तर जन्म मृत्यु वृद्धावस्था की पीडा कष्ट को याद रखे। मनुष्य का कर्तब्य है दुःख से दग्ध संसार में प्रसन्नता पूर्वक जीवन यापन करते हुए सदा सत्कर्म में लगे रहे।

नित्य ईश्वर चिन्तन करते हुए क्षन भंगुर जीवन की नश्वरता का चिंतन करते हुए। भगवान के चरित्रों का स्मरण करें। जीव मात्र की सुखी करने के लिए भागवत की कथा प्रासंगिक है। भागवत की कथा को निर्भरता सिखाती है। प्रेम पूर्ण जीवन जीकर समाज, परिवार राष्ट्र के उत्थान में लगे रहना हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्रकार,विधायक विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सवाड़ा, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू,पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्रकार, भिलाई महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष दया सिंह,तुलसी साहू, जिला पंचायत सदस्य सुशीला साहू,टिकम साहू संजय देशमुख,रमेश साहू छन्नू गजपाल भूषण देवांगन, पूनाराम देवांगन रविन्द सिंह, दुर्गा साहू, भंडारी , अशोक शर्मा, पाना लाल यादव, महिला भजन मंडली कोकड़ी राजेश भंडारी पू पोषण साहू वेदनारायण साहू,शिवनारायण दिल्लीवार,रविन्द्र सिन्हा मनोज ताम्रकार, स्वः पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम अध्यक्ष सुरेश साहू, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र पत्रकार संजय कुमार साहू, जितेंद्र हिरवानी, प्यारी निषाद महमरा सहित सैकड़ो संख्या में श्रोता गण मौजूद थे।

## नवोदय प्रवेश के मॉक टेस्ट में पंद्रह सौ से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड डौंडीलोहारा में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष जोनवार नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट का सफल आयोजन संपन्न हुआ। संकुल समन्वयकों और शिक्षक दल के सहयोग से आयोजित इस परीक्षा में इस वर्ष 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मॉक टेस्ट के दौरान बच्चों को वास्तविक परीक्षा जैसा वातावरण मिला, जिससे उनके आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और प्रश्न हल करने की क्षमता में सुधार देखा गया। परीक्षा के बाद प्रश्न-पत्र आधारित विश्लेषण, मेंटरशिप और शिक्षकों द्वारा सुझाव भी प्रदान किए गए। यह पहल दो वर्षों में ग्रामीण अंचल के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करने, परीक्षा पैटर्न समझाने और नवोदय चयन प्रतिशत बढ़ाने का प्रभावी मॉडल बन चुकी है। अभिभावकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि मॉक टेस्ट बच्चों की तैयारी को नई दिशा देता है। शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा की दूरदर्शी सोच और सक्रिय नेतृत्व के कारण यह अभियान अब विकासखंड का नियमित शैक्षणिक नवाचार बन चुका है। अगले चरण में नियमित अभ्यास टेस्ट, विषयवार कार्यशालाएँ और मेधावी बच्चों के लिए विशेष तैयारी कक्षाएं आयोजित करने की योजना है।

**जलस्तर बढ़ाने की पहल को मिला बढ़ावा**

## बोरिदकला में जल-संरक्षण अभियान का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

**ग्रामीणों की सहभागिता से तैयार हुए बोरी बंधान, भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोरिदकला के ग्रामीणो ने जलस्तर बढाने के लिए जनभागीदारी से बोरी बंधान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चन्द्रवंशी द्वारा ग्राम पंचायत बोरिदकला का औचक निरीक्षण किया तथा आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के संबंधित अधिकारी कर्मचारियो के निर्देशित किये, उन्होने लाभार्थियो को उक्त निर्माणाधीन आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम, सोखता गढ्ढा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला सीईओ और जनपद सीईओ ने चौपाल लगाकर ग्रामीणो से जलसंरक्षण के बारे चर्चा करते हुए जनभागीदारी से बोरी बंधान तैयार किए, जिससे बरसाती पानी को रोकने, नालों में प्रवाह नियंत्रण और भूजल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। स्थानीय युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों ने श्रमदान कर इन संरचनाओं को आकार दिया, जिससे अभियान को जमीनी समर्थन मिला है। इसके साथ ही तालाब गहरीकरण, नाला सफाई, चेकडैम निर्माण, निजी डबरी, परकोलेशन टैंक और प्रधानमंत्री आवास में रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग जैसे प्रमुख कार्य भी इन पंचायतों में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिससे भूजल स्तर सुधारने और ग्रामीणों को स्थायी जल उपलब्धता का लक्ष्य है। प्रशासन ने पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को जल संरक्षण की निगरानी एवं श्रमदान से जोड़कर अभियान को सामुदायिक आंदोलन का रूप दिया है। इस दौरान जिला समन्वयक आवास, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग गुरूर, उपभियंता, तकनीकी सहायक आवास, नरेगा, आवास नोडल, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवोदय चयन परीक्षा मॉक टेस्ट दुधली जोन में 228 विद्यार्थियों की रही उपस्थिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा के मार्गदर्शन में दिनांक 10 दिसंबर को समस्त जोनों में नवोदय चयन परीक्षा 2026 की पूर्व तैयारी के तहत मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यार्थियों के साथ ही पालकों में भी उत्साह देखने को मिला। दुधली जोन में कुल 240 चिन्हांकित विद्यार्थियों में से 228 विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी, जो इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है। मॉक टेस्ट को सुचारू रूप से संचालित कराने में सभी संकुल समन्वयकों का विशेष योगदान रहा। दुधली जोन से संकुल समन्वयक थानेश्वर साहू, लेखराज मालेकर, अशोक टंडन, मिश्रा प्रसाद गायकवाड़, तिरेन्द्र साहू एवं युगल किशोर निर्मलकर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेजस दुधली से रामनारायण राणा, रेखलाल भोंसले तथा छविलाल जांगड़े द्वारा परीक्षा संचालन और संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई गई, जिससे विभिन्न संकुलों से आए छोटे-छोटे विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।इस छात्रहितैषी आयोजन के लिए विकासखंड डौंडीलोहारा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रति समस्त संस्था प्रमुखों, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त किया।

## धनेश्वरी को दोहरी सफलता, पहले नगर सैनिक फिर पुलिस आरक्षक पद पर चयन

**स्वयं अभ्यास, यूट्यूब से तैयारी और लगातार मेहनत ने दिलाई दोहरी सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

जिले के डौण्डीलोहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंगारपुर के एक किसान की बेटी धनेश्वरी निषाद उम्र 22 वर्ष पिता संजू राम निषाद ने लगातार दो पदों पर सफलता पाई। पहले नगर सैनिक होम गार्ड के पद पर चयनित हुई फिर छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर चयनित हुई।

धनेश्वरी निषाद ने बताया कि वह कक्षा दसवीं में थी तभी से तैयारी शुरू कर दिया था। वह प्रतिदिन सुबह उठकर दौड़ने के लिए दूसरे गांव में जाकर सुबह–शाम रोज पसीना बहाती थी और स्वयं ही तैयारी करने के लिए संसाधन जुटाकर मेहनत करती। जानकारी के



- सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं- धनेश्वरी

लिए वो यूट्यूब और इंटरनेट का उपयोग करती थी। लगातार कड़ी मेहनत के साथ अभ्यास और प्रयास करती रही और आखिरकार 2025 में उनका नाम नगर सेना में नगर सैनिक के रूप में पूरे बालोद जिले में मेरिट लिस्ट में प्रथम नंबर पर उनका नाम चयनित होकर आया। उसके बाद अब दिसंबर में छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक पद पर उन्हें दूसरी बार सफलता मिली है। धनेश्वरी निषाद ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट–कट नहीं होता। गांव की तीन बेटियां विभिन्न बलों में अपनी सेवाएं दे रही है। जिसमें भुनेश्वरी बोरकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ, दिव्या बोरकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ, मनीषा पाल छत्तीसगढ़ पुलिस जिला बल में आरक्षण के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। धनेश्वरी निषाद ने बताया कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है। आज जो लोग मुझसे बात नहीं करते थे वहीं लोग आज मुझे बधाई और अपने स्टेटस में स्टोरी लगाकर बधाई दे रहे हैं। सफलता मिलने के बाद जीवन में बहुत कुछ बदलाव आ गया है।

## महाविद्यालय अर्जुंदा में मनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/ अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने अधिकार के ऐतिहासिक मूल्य को बताए, साथ ही हमें अपने अधिकार के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिए। आईक्यूएसी समन्वयक प्राध्यापक डॉ. दीपिका सहायक ने कहा कि मनुष्य को अपने अधिकार के साथ साथ दायित्व के प्रति सचेत रहना चाहिए तभी जा कर सही अर्थ में मानवाधिकार प्रासंगिक रहेगा। प्राध्यापक वाणिज्य मोहित साव सहायक ने कहा कि अधिकार हमें संविधान द्वारा मिला है, इसके प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किए। धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश सिंह बादल ने किए। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र छात्रएं उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन मनोज साहू ने किया।

- अधिकारों के साथ दायित्व निभाने पर जोर

### क्रिकेट स्पर्धा में सीआईटी और सहसपुर लोहारा विजेता

**डोंगरगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर तक चलेगी। शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, श्री भाटिया, प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, क्रीड़ा अधिकारी डॉ एमएल नंदेश्वर ने किया।

## आरईएस विभाग के लंबित भुगतानों को लेकर कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनेक मदों का भुगतान लंबित, ठेकेदारों ने ज्ञापन देकर जताई चिंता**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के सर्किट हाउस बालोद मे आगमन के दौरान आरईएस विभाग मे लंबित भुगतानों को शीघ्र दिलाने के संबंध मे जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि आरईएस विभाग में लंबित भुगतानो के लिए पूर्व में कलेक्टर, आरईएस विभाग एवं मंत्री अरूण साव को पत्र दिया गया है। आरईएस विभाग के अंतर्गत डीएमएफ, पर्यटन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, समग्र शिक्षा, एसबीएम, पीएम श्री, पीएम पोशण शक्ति, उद्यानिकी एवं अन्य मदो मे पूर्ण हो चुके कार्यो का भुगतान विगत 02 वर्शो से रूका हुआ है। इसलिए विभिन्न मदो के भुगतान राशि का भुगतान जल्द करने की कार्यवाही किया जाए।

**एजेन्सी देना है...**

हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत **अर्जुन्दा** में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
9098595071, 8370049468

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में

तुरंत आराम के लिए

बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319483810

यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता

खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

25 शीटें शेष

राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354 411411